**अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अर्न्तगत कराये जा रहे कार्यो के सम्बन्ध में दिनांक 19.03.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।**

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 19.03.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अर्न्तगत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक व क्लस्टर हेड एन0सी0सी0 लिमिटेड हरदोई व सम्बधित स्टाफ जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये–

1. समीक्षा बैठक में जनपद के समस्त ग्रामीण परिवारो को नियमित जलापूर्ति की समीक्षा की गयी। बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण, जनपद हरदोई द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 1865 राजस्व ग्रामो को नियमित जलापूर्ति किया जाना है जिसके सापेक्ष अब तक कुल 1249 राजस्व ग्रामो में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। जलापूर्ति के समय के बारे में पूछताछ की गयी तो जनपद की कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि जिन योजनाओ में नियमित जलापूर्ति अवर जलाशय (ओवरहेड टैंक) के माध्यम से की जा रही है, उन ग्रामो में प्रातः 06 बजे से 08 बजे तक तथा शेष ग्रामो में प्रातः 08 से 10 बजे तक एवं सांय 03 बजे से 05 बजे तक नियमित जलापूर्ति की जा रही है। अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण तथा कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि नियमित जलापूर्ति की प्रगति बढ़ाना एवं नियमित अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें।

   (कार्यवाही– अधि0 अभि0, जल निगम (ग्रा0) एवं परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)

2. समीक्षा बैठक में सड़क पुर्नस्थापना की समीक्षा करने पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, हरदोई द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 5008 किमी0 सड़को की पुर्नस्थापना का कार्य किया जाना है जिसके सापेक्ष अब तक 4865 किमी0 सड़को की पुर्नस्थापना का कार्य हो चुका है तथा शेष पुर्नस्थापना का कार्य प्रगति पर है। बैठक में उपस्थित परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि अवशेष पुर्नस्थापना का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करते हुए अवगत करायें तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जायें।

   (कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)

3. समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण तथा कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि जनपद में पेयजल परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट का फ्लैक्सी बनाकर कलेक्ट्रेट, विकास भवन तथा सार्वजनिक स्थानो पर लगाये जिससे आम जनमानस को भारत सरकार/उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अति महत्वाकांक्षी परियोजना जल जीवन मिशन की प्रगति के बारे में अवगत कराया जा सके।

   (कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)

4. समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण तथा कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामो को हर घर जल घोषित किया जा चुका है उन ग्रामो के ग्राम प्रधानो को प्रमाण पत्र/प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

(कार्यवाही– सहा0अभि0/अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रा0) एवं परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)

(मंगला प्रसाद सिंह)
जिलाधिकारी
हरदोई।

EE

## कार्यालय जिलाधिकारी, हरदोई।

पत्रांक 3857 / जा-70 / 194 दिनांकः 28/3/25

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई।
2. अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, हरदोई को अनुपालनार्थ।
4. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
5. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई को अनुपालनार्थ।

जिलाधिकारी
हरदोई।

EE